आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.10.2023 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एडस के बारे में समाज को जागरूक करने के लिए शिमला के रिज से आज राज्य स्तरीय मैराथन का शुभारंभ किया। इस मैराथन में प्रदेश के 7 जिलों से विभिन्न श्रेणियों के 66 युवाओं ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 5 हजार 3 सौ एडस रोगी है, जिन्हें निशुल्क उपचार व सहयोग प्रदान करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एडस संबंधी जानकारी देने के लिए एक शून्य नौ सात हेल्पलाईन स्थापित की गई है। मुख्मयंत्री ने समाज को एडस के बारे में जागरूक बनाने के लिए सोशल मीडिया की भूमिका पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि एडस रोगियों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नीतियां व योजनाएं तैयार की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

सुखविंदर सिंह

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है, कि प्रदेश सरकार राज्य की संभावित जलविद्युत ऊर्जा क्षमता दोहन के लिए समर्पित है, और उर्जा सृजन व इसकी क्षमता में बढ़ोत्तरी करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। शिमला में 55 नवनियुक्त सहायक अभियंताओं के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ऊर्जा क्षेत्र में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक राजस्व सृजन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा व पर्यटन प्रदेश की आर्थिकी को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है। उन्होंने नवनियुक्त सहायक अभियंताओं से ईमानदारी व समर्पण भाव से कार्य करने का आहवान किया।

अनुराग

केन्द्रीय सूचना, प्रसारण, युवा मामले व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हमीरपुर जिले के दियोटसिद्ध में स्वच्छ भारत 3.0 अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज से 31 अक्तूबर तक देश के सभी जिलों में नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से स्वच्छ भारत 3.0 अभियान चलाया जाएगा, जिसके माध्यम से स्वच्छता को एक जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा। अनुराग ठाकुर ने सभी लोगों से इस अभियान में जुड़ने व स्वच्छता के लिए अपना योगदान देने का आहवान किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को सप्ताह में कम से कम दो घंटे और साल में 100 घंटे स्वच्छता को समर्पित करने की शपथ दिलाई। अनुराग ठाकुर ने इस अवसर पर जागरूकता रैली को हरी झंडी भी दिखाई।

हर्षवर्धन

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन ने आज शिमला ग्रामीण क्षेत्र के शोघी में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की उपस्थिती में बिजनेस प्रमोशन सेंटर का उदघाटन किया। इस सेंटर के नवीनीकरण पर एक करोड़ 57 लाख रूपए खर्च किए गए है। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश के हर औद्योगिक क्षेत्र में एक बिजनेस प्रमोशन सेंटर खोलने के प्रयास किए जाएगें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योगों के विकास व विस्तार के प्रयास किए जा रहे ताकि स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर मिल सकें। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि शिमला से भीड़ कम करने के लिए आसपास के क्षेत्रों का योजनाबद्व तरीके से विस्तार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस मक्सद से जाठिया देवी में आवासीय कालोनी के निर्माण के लिए 12 सौ बीघा ज़मीन का अधिग्रहण किया जा चुका है, और जिसका निर्माण कार्य 5 सौ करोड़ रूपए से शहरी विकास मंत्रालय द्वारा किया जाएगा।

बिटटू

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा है, कि प्रदेश सरकार हमीरपुर शहर के चहुमुखी विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। आज अपने हमीरपुर प्रवास के दौरान उन्होंने कहा कि हमीरपुर के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट मंजूर किए जा रहे है। उन्होंने नगर परिषद हमीरपुर के चार नए मनोनीत पार्षदों को बधाई देते हुए शहर के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का आहवान किया।

फ्लाइंग फेस्टिवल

शिमला जिला के जुन्गा में 12 से 15 अक्तूबर तक शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इस फेस्टिवल में देश–विदेश के पैराग्लाईडर भाग लेगें। जिला उपायुक्त आदित्य नेगी ने कहा कि भारी बरसात से पर्यटन कारोबार को काफी नुकसान हुआ है, और ये फेस्टिवल पर्यटन को पुनः सुचारू करने में सहायक सिद्ध होगा। द ग्लाईड इन जुन्गा के प्रबंध निदेशक अरूण रावत ने कहा कि इस फेस्टिवल के आयोजन से अनेक लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

स्वच्छता अभियान

भाजपा द्वारा प्रत्येक मंडल में स्वच्छता के 6 हजार 4 सौ 12 कार्यक्रम चलाए गए। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि महात्मा गांधी की उच्च सोच को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगे ले जा रहे है। उन्होंने 2 अक्तूबर को खादी दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोगों से खादी खरीदने का आहवान किया। बिंदल ने कहा कि खादी हमारी संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान रखती है, और इसे खरीदनें से स्थानीय कारीगरों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

उधर किन्नौर ज़िले की प्रत्येक पंचायत में ग्रामीणों ने सफाई अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लिया। लोगों ने मिलकर मंदिर और सरकारी संस्थाओं के अलावा सभी गली–मोहल्ले में सफाई अभियान चलाया।

आरबीआई

भारतीय रिज़र्व बैंक ने दो हजार रुपये के नोट बदलने की अंतिम तारीख एक सप्ताह बढ़ाकर सात अक्तूबर कर दी है। 8 अक्तूबर से केवल आरबीआई कार्यालयों में ही ये नोट बदले जा सकेंगे।